## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या से सनसनी

**अम्बिकापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा से खौफनाक वारदात की घटना सामने आई है। यहां तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हत्या का ये मामला ग्राम लैंगा से सामने आया है। जिसमें मां, बेटे और ससुर की गला रेतकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। फिलहाल उदयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद उदयपुर थाना का पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं घटना स्थल पर थाना प्रभारी धीरेन्द्रनाथ दुबे समेत बड़ी संख्या में स्टॉफ मौजूद है और घटना स्थल पर लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतकों में 11 वर्षीय बच्चा, 29 वर्षीय महिला, और करीब 55 साल का बुजूर्ग है। हत्यारोपी कौन है,इसे लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है।

### दुर्ग-पुरी स्पेशल ट्रेन में एक फेरे के लिए एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग-पुरी के मध्य चलने वाली दुर्ग-पुरी-दुर्ग स्पेशल ट्रेन में एक फेरे के लिए एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दी जा रही है। रेल मंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध करने हेतु दुर्ग-पुरी दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के साथ गाड़ी पुरी से 09 सितम्बर को तथा दुर्ग से 10 सितम्बर को चलेगी।

### हाथी के हमले से फिर एक मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के सिरपुर क्षेत्र में दंतैल के हमले से फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक ग्राम अचानकपुर का निवासी है। वह पटेवा से बाइक से अपने गांव जा रहा था। ग्राम बंदोरा के पास उसका दंतैल से सामना हो गया। वह हड़बड़ा गया। इसी दौरान दंतैल ने उसे सूंढ़ से पकड़कर पटक दिया। डीएफओ पंकज राजपूत ने बताया कि दंतैल क्षेत्र में अकेले विचरण कर रहा है। जनहानि हुई है। हाथी भगाओ फसल बचाओ समिति के राधेलाल सिन्हा ने बताया कि आसपास हाथियों की मौजूदगी के बावजूद गश्ती दल के सदस्यों को काम से हटा दिया गया है। दल में पहले स्थानीय युवाओं को रखा गया था, जिनके परिजनों की मौत हाथियों के कारण हुई थी, लेकिन हाल ही में ऐसे युवाओं को काम से निकाल दिया गया है। गश्त कम हुई है। महासमुंद जिले में अब तक कुल 26 लोगों की मौत हाथियों के हमले से हो चुकी है।

### धारदार हथियार बंडा दिखाकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** गीदम नगर के पुराना बाजार में धारदार हथियार बंडा दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी गजेंद्र भास्कर निवासी बुदपदर कारली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पुराना बाजार में धारदार हथियार बंडा दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा था। आरोपी से डरकर एक व्यक्ति ने प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह को थाने में सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने पुराना बाजार में पहुंचकर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार बंडा भी जब्त कर लिया गया।

# गुम हुई नाबालिग चार घंटे के भीतर हुई बरामद, आदतन बदमाश विकास वैद्य गिरफ्तार

**» कोतवाली व जूटमिल पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

**रायगढ़।** दिनांक 08/09/2021 को जूटमिल क्षेत्र से लापता हुई बालिका के मामले में कोतवाली एवं जूटमिल प्रभारी संयुक्त रुप से की त्वरित कार्रवाई पर रिपोर्ट के चार घंटे बाद ही बालिका को संदेही विकास वैद्य के कब्जे से डभरा थानाक्षेत्र के धुरकोट से दस्तयाब कर रायगढ़ लाया गया। आरोपी विकास वैद्य हाल ही में हत्या के प्रयास मामले में जमानत पर घर आया था, बालिका के परिजन विकास वैद्य पर शंका जाहिर किये थे। चौकी प्रभारी जूटमिल द्वारा पुलिस अधीक्षक को आदतन बदमाश की रिपोर्ट आने की जानकारी देने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली प्रभारी मनीष नागर एवं जूटमिल प्रभारी गिरधारी साव को शीघ्र मुखबिर लगाकर आरोपी की गिरफ्तारी एवं बालिका की बरामदगी का निर्देश दिया गया था, जिस पर पुलिस टीम को शीघ्र सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 08/09/2021 को लापता बालिका के नाना सचौकी जूटमिल में आकर उप निरीक्षक गिरधारी साव को बालिका के दिनांक 07.09.2021 को सुबह बिना बताये घर से कहीं चले जाना बताये, बालिका के परिजन झोपड़ीपारा जूटमिल में रहने वाले विकास वैध पर बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का संदेह व्यक्त किया गया। संदेही विकास वैद्य पर अप.क्र.1278/2021 धारा 363 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जूटमिल पुलिस को विकास वैद्य की पहले से तलाश थी। विकास वैध,



जूटमिल के मार्शल यादव का दोस्त है, मार्शल यादव जो न्यायालय पेशी दौरान कोर्ट परिसर से फरार है। जूटमिल पुलिस जानकारी मिली थी कि विकास वैध अपने दोस्त मार्शल यादव को कोर्ट पेशी से भागने में मदद किया है। जूटमिल प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा को विकास वैध द्वारा नाबालिग को भगाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट की जानकारी दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये नगर कोतवाल मनीष नागर को भी जूटमिल से गुम बालिका की पतासाजी में संलग्न होने का निर्देश दिये। पुलिस टीम को आरोपी विकास वैद्य के डभरा थानाक्षेत्र में बालिका के साथ देखे जाने की सूचना मिली जिस पर कोतवाली एवं जूटमिल की संयुक्त टीम तत्काल डभरा रवाना हुई और ग्राम धुरकोट में आरोपी विकास वैद्य के कब्जे से बरामद किया गया है। बालिका का कथन, मुलाहिजा बाद प्रकरण में धारा 366(क), 376 (ढ) आईपीसी , 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित किया गया है। आरोपी विकास वैद्य पिता संजय वैद्य उम्र 22 वर्ष निवासी मिट्ठूमुडा झोपड़ीपारा चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं सीएसपी चन्द्रकांत गर्वना द्वारा आरोपी विकास वैद्य का पूर्व आपराधिक रिकार्ड जूटमिल प्रभारी से तैयार कराया गया है। आरोपी विकास वैद्य चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली के अप.क्र. 851/2018 धारा 147,148, 149, 294 ,506, 323, 307, 34 आईपीसी, अप.क्र. 1274/ 2021 धारा 294, 506, 323 आईपीसी का आरोपी है । अप.क्र. 851/2018 के अपराध में आरोपी विकास वैद्य , आरोपी मार्शल यादव व अन्य दोस्तों के साथ मारपीट किया था, जिन्हें बलवा/हत्या के प्रयास के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध कर सात साल की सजा सुनाई गई है, आरोपी विकास वैद्य जमानत पर था। चौकी प्रभारी जूटमिल आरोपी को पास्को एक्ट के मामले में सख्त सजा दिलाने आरोपी के आपराधिक रिकार्ड के साथ जल्द चालान पेश किया जावेगा। आरोपी एवं लापता बालिका की पतासाजी में कोतवाली एवं जूटमिल पुलिस स्टाफ का संयुक्त रुप में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## दिमागी रूप से है कमजोर मेरठ का युवक धरमजयगढ़ बस स्टैण्ड से बरामद

**रायगढ़।** दिनांक 06/09/2021 को सधरमजयगढ़ पुलिस टाऊन में पैदल पेट्रोलिंग कर रही थी, इस दरम्यान बस स्टैण्ड पर एक 20-25 साल का युवक एकांत में बैठा दिखा। बस स्टैंड पर दुकान लगाने वाले व्यक्तियों ने युवक को भटक कर आना बताये। थाने का स्टाफ युवक को थाने लेकर आये, पूछताछ में युवक की दिमागी स्थिति ठीक नहीं लगी, काफी पूछताछ पर उसने अपना नाम शकील अहमद पिता रहीसमुद्दी 20 उम्र मेरठ (उ.प्र.) का रहने वाला बताया। धरमजयगढ़ टीआई अंजना केरकेट्टा द्वारा युवक के परिजनों को सम्पर्क कर युवक के रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के धरमजयगढ़ में होना बताई। दूसरे दिन दिनांक 07/09/2021 को शकील अहमद के पिता, भाई इरफान और जीजा इस्लामुद्दीन लेने धरमजयगढ़ आये जिनके



सुपुर्द शकील अहमद को किया गया। शकील अहमद से पूछे जाने पर कि धरमजयगढ़ कैसे पहुंचे तो वह कुछ याद नहीं है बताता है। बहरहाल अपने घर से करीब 1270 किमी भटक कर धरमजयगढ़ पहुंचे युवक को धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा सही सलामत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## 10-10 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**» घर पर अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर धरमजयगढ़ पुलिस की रेड कार्रवाई**

**रायगढ़।** थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में दिनांक 08/09/2021 के शाम मुखबिर सूचना पर स्टाफ द्वारा पारा वार्ड क्र0 14 में धनेश्वर पुरोहित के घर शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि धनेश्वर पुरोहित घर पर अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। पुलिस टीम धनेश्वर पुरोहित के घर



की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया, इस दौरान धनेश्वर पुरोहित घर पर उपस्थित मिला जिसे शराब बिक्री करने के संबंध में पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार करते हुये अपने घर से एक सफेद रंग की 10 लीटर क्षमता वाली जरिकेन में भरी 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1,000 रूपये को घर से निकाल कर पेश किया गया। धरमजयगढ़ पुलिस शराब की जप्ती कर आरोपी को थाना लाया गया, आरोपी धनेश्वर पुरोहित पिता स्वर्गीय संतोष पुरोहित उम्र 35 वर्ष कोदावरी पारा थाना धर्मजयगढ़ पर धारा 34(2) 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

शराब रेड की एक अन्य कार्यवाही धर्मजयगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम पतरापारा में किया गया, जहां उमेश भगत पिता बुधराम भगत के कब्जे से 10 लीटर शराब जप्त किया गया है आरोपी पर अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## जंगली हाथियों ने ले ली स्कूटी सवार परिवार की जान

**» घटना के बाद वन विभाग की टीम हाथियों के झुंड को खदेड़ने के लिए जुटी**

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जंगली हाथियों ने बुधवार रात स्कूटी सवार परिवार की जान ले ली। हाथियों ने युवक को कुचल दिया, वहीं पत्नी और 4 साल के बेटे को फुटबॉल की तरह 100 मीटर दूर फेंक दिया। हाथियों के हमले की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वन विभाग को भी सूचना दी गई। इसके बाद हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। हाथियों की दहशत से ग्रामीण रात भर आग जलाकर वहीं बैठे रहे। घटना उदयपुर क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, कुन्नी निवासी गौतम दास (30) अपनी पत्नी रीना दास (28) और 4 साल के बेटे युवराज के



साथ स्कूटी से उदयपुर गया था। वहां माइक्रोफाइनेंस कंपनी से 30 हजार रुपए निकालने के बाद तीनों बुधवार रात गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अलकापुरी से मोहनपुर चौक के पास रास्ते मे खड़े हाथियों ने स्कूटी सवार परिवार पर हमला कर दिया। हाथियों ने महिला व बच्चे को उछालकर दूर फेंक दिया और गौतम को कुचल दिया।

हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। हाथियों की दहशत से ग्रामीण रात भर आग जलाकर वहीं बैठे रहे।

**ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी गई-** घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही वन विभाग के अफसर मौके पर पहुंच गए। हाथियों को जंगल की ओर भगाने के बाद तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिवार की मौत से ग्रामीण भी भड़क गए। हालांकि जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह ने लोगों को समझाइश दी और हाथियों से दूर रहने की सलाह दी है। इसके बाद भी दहशत के चलते ग्रामीण सारी रात आग जलाकर वहीं बैठे रहे।

**मृतकों के परिजलों को 75 हजार की सहायता राशि दी जाएगी-** रेंजर सपना मुखर्जी ने बताया कि केदमा ट्रनिंग प्वाइंट पर स्कूटी सवार परिवार हाथी की चपेट में आ गया। पीड़ित परिवार को गुरुवार सुबह 75 हजार की तात्कालिक सहायता दी जाएगी। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन अमला निगरानी में जुटा हुआ है। लोगों की भीड़ हाथियों को और उग्र कर रही है। बताया जा रहा है कि 8 हाथियों का दल था। जो क्षेत्र में कई दिनों से उत्पात मचा रहा है। इसके चलते लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है।

**हाथियों ने 2 मकान तोड़े, खेतों की फसल भी रौंदी-** हाथियों ने रामनगर में दो लोगों के मकान को तोड़ दिया। इसके साथ ही कई ग्रामीणों की फसल रौंदकर बर्बाद कर दी। वन विभाग ने बताया कि अभी हाथियों का दल करमकथा घनघोर जंगल में मौजूद है। मंगलवार रात 1 बजे 8 हाथियों का दल, जिसमें एक बच्चा भी है, उसने प्रेमनगर से नारायणपुर होते हुए उदयपुर के जंगल में प्रवेश कर रामनगर गांव का रुख किया, जहां जंगल से 200 मीटर की दूरी पर बसे दुहनराम गोंड व नोहर बसोड के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## कुआं में गिरे बेबी एलीफेंट को हथिनी ने बाहर निकाला

**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कटघोरा के ही केंदई रेंज में भी 8 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस दल में एक बेबी एलीफेंट भी शामिल है, जो बीती रात दल के साथ कोरबी सर्किल के ग्राम लालपुर पहुंचे थे। यह ऐलीफेंट संतराम नामक ग्रामीण के बाड़ी में अलग होकर जब मक्का की फसल को खाते हुए घूम रहा था तभी मध्यरात्रि बाड़ी में स्थित निर्माणाधीन कुएं में गिर गया। शावक की चिंघाड़ सुनकर उसकी मां मादा हाथी भी कुएं के पास पहुंची और उसमें गिरे अपने बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास करती रही। काफी प्रयास के बावजूद भी जब उसे सफलता नहीं मिली तो उसने तरकीब से काम



लिया और पहले अपने सूंड़ व पैरों के सहारे कुंए की किनारे की मिट्टी को गिराकर सीढ़ीनुमा ढेर तैयार किया और उसके बाद सूंड़ से खींचकर अपने बच्चे को बाहर निकाल लिया। बेबी ऐलीफेंट के कुएं में गिरने की सूचना मिलने पर डिप्टी रेंजर एनके साहू, बिटगार्ड नागेन्द्र जायसवाल एवं अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे। कर्मियों ने लगातार निगरानी रखी। इस दौरान ग्रामीण भी इस नजारे को देखने के लिए इकट्ठे हो गए थे।

## कार की चपेट में आने से एसईसीएल कर्मी की मौत, स्थानीय लोगों ने किया चक्काजाम

**कोरबा (आरएनएस)।** बाकीमोगरा में गायत्री मंदिर के पास कार की चपेट में आने से एक बाइक सवार एसइसीएल कर्मी की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। नाराज स्वजन व स्थानीय लोगों ने बाकीमोगरा-सुतर्रा मार्ग में चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे बाद पुलिस के अधिकारियों की समझाइस पर मामला शांत हुआ।

बाकीमोगरा में स्थित शांति नगर में निवासरत राजकुमार टंडन 38 वर्ष गुरूवार की रात करीब नौ बजे भोजन करने के पश्चात अपने बाइक से आसपास कहीं जाने निकला था। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार चालक ने पहले राजकुमार को ठोकर मारी और वह सड़क पर गिर गया। इस बीच सुतर्रा की ओर से आ रही ट्रेलर के नीचे आ गया और सिर कुचल गया। बाइक ट्रेलर में फंस गई और काफी दूर तक घसीटाया। आसपास के लोगों को कुछ देर बाद इस घटना की जानकारी हुई और मौके पर भीड़ लग गई। राजकुमार को अपने पिता के जगह एसइसीएल में अनुकंपा नियुक्ति मिली थी और वह कुसमुंडा खदान में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम शव को घटना स्थल से उठाकर अस्पताल भेज दी। नाराज लोग सड़क पर भीड़ लगाकर चक्का जाम कर दिया। इस वजह से बाकीमोगरा सुतर्रा मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाइस देकर चक्काजाम समाप्त करने की बात कही पर मृतक का भाई शव को घटना स्थल पर लाने की जिद पर अड़ा रहा। लोगों का कहना था कि सड़क के दोनों ओर बेतरतीब ढंग से कोयल परिवहन करने वाले ट्रेलर खड़े रहते हैं पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती।

## एयर पिस्टल दिखाकर लूटपाट करने वाले दोनों आरोपी गये जेल

**» आरोपियों से घटना में प्रयुक्त लोहे का एयर पिस्टल, पल्सर बाइक, लूट की रकम व मोबाइल जब्त**

**» तीन आरक्षकों को एसपी करेंगे पुरस्कृत**

**रायगढ़।** दिनांक 26/08/2021 की रात्रि थाना कोसीर अन्तर्गत परसदा बडे मेन रोड पर पल्सर सवार दो लड़के एयर ?पिस्टल दिखाकर दो को डरा धमकाकर नगदी रकम लूट ले गये। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर घटना के बाद से लगातार पतासाजी में लगी कोसीर पुलिस को दिनांक 07/09/2021 को सफलता मिली, दोनों आरोपियों से हथियार व लूट की रकम जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा आरोपियों को हथियार समेत पकड़ने वाले थाना कोसीर के तीन आरक्षकों को नकद ईनाम से पुरस्कृत करना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 26-08-2021 को भुपेन्द्र साहू (25 वर्ष) निवासी महासमुंद अपने दोस्त अरूण साहू के साथ महासमुंद के नीरज बिसेन की बोलेरो पिकअप आईसक्रीम गाडी सीजी 04 जेडी -3303 में आर्डर की माल सप्लाई करने रायगढ़ आया था। वापस जाते समय रात्रि करीब 11ः00 रात परसदा ग्राम के पास एक लाल रंग की पल्सर मोटर सायकल में दो व्यक्ति पीछे से आकर इन्हें गाड़ी में गांजा ले जा रहे हो कहकर डराये धमकाये और वाहन की जांच करने लगे। इतने में एक लड़का एयर पिस्टल निकाल कर जान से मारने की धमकी देकर अरूण साहू के पाकिट से 20,600 रूपये तथा भुपेन्द्र साहू से 1,600 रूपये लूटकर सारंगढ़ की ओर भाग गये। दूसरे दिन सुबह भुपेन्द्र साहू द्वारा थाना कोसीर में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया गया , रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों



के विरूद्ध अप.क्र. 185/2021 धारा 392, 506(बी), 34 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल को थाना कोसीर एवं केडार पुलिस को संयुक्त रूप से लगाकर शीघ्र अज्ञात आरोपियों के पतासाजी का निर्देश दिया गया। कोसीर, केडार पुलिस लगातार मुखबिर लगाकर हाइवे एवं ग्रामों में भ्रमण कर लाल रंग की पल्सर की पतासाजी में लगे थे। दिनांक 07/09/2021 को कोसीर पेट्रोलिंग द्वारा छिंद रोड़ पर लाल रंग की पल्सर में दो संदिग्ध लड़कों को घूमते देखे। दोनों संदेहियों से कड़ी पूछताछ एवं जांच पर उनके पास एक एयर पिस्टल मिला , दोनों फिर लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, दोनों को थाना लाया गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम प्रदीप मिरी पिता रंजीत मिरी उम्र 28 साल इंदिरानगर थाना सरसींवा जिला बलौदाबाजार एवं दूसरे ने अपना नाम रविशंकर उर्फ रवि चौहान पिता मिलन चौहान उम्र 35 साल निवासी रामनगर थाना सरसींवा जिला बलौदाबाजार बताये। दोनों दिनांक 26/08/2021 की रात्रि आईसक्रीम गाड़ी के चालक व उसके साथी को लूटपाट करना स्वीकार किये। आरोपी प्रदीप मिरी से नकद 2000 रूपये तथा लूट की रकम से खरीदी गई मोबाईल कीमती 7,500 रूपये का व एक लोहे का एयर पिस्टल, लाल रंग का पल्सर बाइक नम्बर ?प्लेट में छ्त्त् क्र3831 लिखा हुआ जप्त किया गया है। आरोपी रविशंकर चौहान से 400 रूपये जप्त किया गया है, आरोपीगण शेष रकम खर्च करना बताये। आरोपी प्रदीप मिरी का सरसींवा में फेब्रीकेशन की दुकान तथा रविशंकर का फल की दुकान होने की जानकारी मिली है। थाना सरसींवा में आरोपी प्रदीप मिरी के विरूद्ध दुष्कर्म एवं मारपीट का अपराध होना तथा रविशंकर के विरूद्ध आबकारी एवं गृह अतिचार का अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है। दोनों आरोपियों को लूट के अपराध में कोसीर पुलिस द्वारा रिमांड पर पेश किया गया, जहां से जेल वारंट पर दोनों को जेल दाखिल कराया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को हथियार समेत पकड़ने वाले थाना कोसीर के तीन आरक्षक जीतराम लहरे, नवीन शुक्ला और प्रकाश धीरही को नकद ईनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480